तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 'हमर पुलिस हमर गांव' अभियान के तहत महिला सुरक्षा को....



12 जिले के किसान सीख रहे हैं वैज्ञानिक खेती के गुर



## खबर संक्षेप

### अमानत खयानतः महिला प्रधान आरक्षक गिरफ्तार

**भिलाई।** अमानत खयानत मामले में पुलिस ने महिला प्रधान आरक्षक को गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रधान आरक्षक मोनिका सोनी गुप्ता ने 79 ग्राम सोने की जेवरात जब्त कर थाना परिसर में रखी थी। जिसे बाद में जेवरात गायब हो गई। पुलिस जांच में थाना में लगे सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी महिला प्रधान आरक्षक मोनिका गुप्ता पर संदेह हुआ। साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ जुर्म दर्ज किया। पीड़ित के शिकायत कर आरोप लगाया था कि मकान से चोरी सोने को जब्त करने के बाद गायब किया गया। पुलिस जांच में स्पष्ट होने के बाद गबन मोनिका गुप्ता ने ही किया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। मोनिका गुप्ता पहले भी विवादों में रह चुकी है। छत्तीसगढ़ गृह (पुलिस) विभाग ने विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया था। जांच में साबित हुआ था कि उसने एक व्यक्ति से उसकी बेटी को नौकरी दिलाने के नाम पर रकम ली। महिला प्रधान आरक्षक ने अपने पद का दुरुपयोग किया।

### सड़क हादसाः बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार को चपेट में लिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर भिलाई-3 पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रक को जब्त कर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया। भिलाई-3 पुलिस ने बताया कि ग्राम उमदा में सुरडुंग निवासी नीलेश कुर्रे बाइक से जा रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीए 5915 ने नीलेश को चपेट में लिया। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### शव मिलाः शिनाख्त हुई

**भिलाई।** बिजली नगर कॉलोनी भिलाई-3 स्थित खंडरनुमा क्वार्टर के बाहर एक व्यक्ति का शव मिला। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में लिया। भिलाई-3 पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम पोषण देवांगन बताया गया है। शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

### गबनः कनिष्ठ सलाहकार गिरफ्तार

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में पीएचडी छात्र-छात्राओं के साथ ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 9.44 लाख रुपए की राशि का गबन होना पाया गया। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय की पीएचडी शाखा में कार्यरत कनिष्ठ सलाहकार सुनील कुमार प्रसाद ने शोधार्थियों से नकद राशि लेकर फर्जी फीस रसीद थमा दिया था। पुलिस ने एचएससीएल कॉलोनी रूआबांधा निवासी सुनील कुमार प्रसाद को पकड़ा गया। उसे जेल भेज दिया गया।

### नौकरी लगाने के नाम पर भाजपा नेता ने की ठगी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले भाजपा नेता के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज हुआ है। सुपेला पुलिस ने बताया कि देवगहन अर्जुदा जिला बालोद निवासी मिथलेश कुमार ने शिकायत में बताया कि भाजपा नेता सक्षम नगर, कोसानाला निवासी जय प्रकाश यादव ने सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर 16 लाख रुपए वर्ष 2021-22 में लिया था। पीड़ित के गांव में जय प्रकाश यादव का आना जाना था। जेपी यादव के झांसे में आकर पीड़ित ने अपनी पुस्तैनी कृषि भूमि बेचक, केसीसी लोन निकालकर किस्तों में जेपी को रकम दिया था। धनेवरी साहू स्टाफ नर्स 4 लाख, कीमा सब इंस्पेक्टर 4 लाख, डोमेश्वर कुमार सब इंस्पेक्टर 3 लाख, मनोज कुमार प्यून 2 लाख, महेश कुमार से जी.डी. कॉस्टेबल के लिए 2 लाख, विशेष दास प्यून 1 लाख रुपए लिया है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत नवागढ़ में परिणय बंधन में बंधे 143 जोड़े

## खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने दिया सुखी दांपत्य का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवागढ़ विकासखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में मंगलवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 143 निर्धन परिवारों के वर-वधू का सामूहिक विवाह गरिमामय एवं भव्य वातावरण में संपन्न हुआ। एक ही मंडप में 143 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया। इस अवसर पर सभी नवदंपतियों ने सुखमय दांपत्य जीवन एवं बाल विवाह नहीं करने-कराने की शपथ भी ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए सुखी, समृद्ध एवं खुशहाल दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विवाह जीवन का एक पवित्र और विश्वसनीय बंधन है, जिसमें पति-पत्नी सुख-दुख में कंधे से कंधा मिलाकर जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। मंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना निर्धन परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। शासन बेटियों के विवाह की चिंता को समझते हुए उनके सम्मानपूर्वक विवाह की जिम्मेदारी उठा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पहले दी जाने वाली 25,000 की सहायता राशि को बढ़ाकर 50,000 किया गया है, जिससे नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थ जीवन की शुरुआत में आर्थिक संबल मिलता है। इस अवसर पर उन्होंने प्रत्येक जोड़े को विवाह सहायता राशि का चेक, उपहार एवं विवाह की स्मृति स्वरूप तस्वीर भेंट की।



### पारंपरिक बारात, एक मंडप में वैवाहिक संस्कार
### सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बारात निकालने से हुई, जो स्कूल परिसर से चलकर विवाह स्थल पहुंची। इसके पश्चात सभी वर-वधू एक ही मंडप में बैठकर पुरोहितों द्वारा संपन्न कराए गए वैवाहिक संस्कारों में शामिल हुए। पूरे आयोजन में हिंदू विवाह परंपराओं का विधिवत पालन किया गया। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं, महिला एवं बाल विकास अधिकारी चंद्रबेश शिसोदिया सहित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कलेक्टर ने अपने स्वागत भाषण में छत्तीसगढ़ की विवाह परंपराओं एवं सामाजिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सशक्त बनाने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। सामूहिक विवाह गायत्री मंत्रोच्चार एवं सामाजिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष नवागढ़ हेमाजय दिवाकर, अजय साहू, राम साहू, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं वर-वधू के परिजन उपस्थित रहे।

**अपराध**

**हत्या, आत्महत्या, मारपीट व चोरी जैसे प्रकरणो से समाज में भय का वातावरण**

# नशाखोरी के चलते बढ़ते अपराध से लोगों में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

धर्म नगरीय कहलाने वाले नगर सहित ग्रामीण अंचलो मे इन दिनो शराब,गांजे व नशे की गोलीयो के प्रभाव मे आकर युवा वर्ग आपने कैरियर को खराब करते दिख रहे है वही थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थो की अवैध बिक्री के चलते ही हत्या,आत्महत्या,मारपीट व चोरी जैसे अपराधिक मामले मे बढोतरी हुई है। 8 फरवरी को पूर्व सरपंच नोहर बल्लू पाल पर हुई प्राण घातक हमला करने वाला आरोपी आदतन नशेड़ी है जबकि 5 जनवरी को किशन उर्फ पाव की हत्या करने वाले सभी 6 आरोपी नशे की सामान विक्रेता और नशेमन ही है।

■ थान खम्हरिया सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शराब व गांजे की हो रही अवैध बिक्री

इतना ही नही नगर मे लूटपाट,चोरी जैसे दर्जनो मामले भी इन्ही नशाखोरो ने अंजाम दिया है वही कुछ नशे के शिकार युवाओ ने आत्महत्या कर अपनी इहिलीला तक समाप्त कर लिया है परंतु नगर सहित ग्रामीण अंचलो मे बेखौफ शराब व गांजे की अवैध बिक्रय करने वालो पर आज तक कोई ठोस कानूनी कार्रवाई नही हो पायी है जिससे अपराध बढते जा रहे है जिससे आज क्षेत्रवासी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे है।धर्म नगरीय कहलाने वाले थान खम्हरिया नगर के विभिन्न ईलाको स्कुल खेल मैदान,रावण तालाब,पैठू तालाब,वार्ड क्र 7 व 9 मारवाड़ी शमसान घाट सहित गली मोहल्ले मे गांजे की कस मारते युवाओ को आसानी से देखा जा सकता है।गली गली बिकाब व गांजे पर पुलिस का नियंत्रण नही हुआ तो थान खम्हरिया तहसील अपराधगढ बन कर रह जायगा।पिछले दो वर्ष से देखा जा रहा है कि नशेड़ीयो ने आम नागरको को परेशान कर रखा है।कही पर चाकू तो कही पर ब्लेड जैसे औजार का उपयोग कर लोगो मे खौफ पैदा किया है,यही कारण रहा है कि नागरीको ने सर्वदलीय मंच से नशेड़ीयो की आतंक से परेशान होकर नगर बंद कर प्रशासन को कटघरे मे खड़े किये थे फिर भी नगर मे शराब व गांजे की अवैध बिक्री रूकी नही बल्कि और भी बढ गयी है।





### देर रात तक घूमने वाले नशेमन युवाओं पर पुलिस की पकड़ पड़ी ढीली

नगर के विभिन्न हिस्से मे देर रात तक नशा कर तेज गति से वाहन चलाने वाले नशेबाजो पर पुलिस की पकड़ भी ढीली पड़ गयी है यही कारण है आज दिन-रात युवा वर्ग तीन सवारी मोटरसाइकिल मे सवार होकर तेज गति से वाहन चलाते फिर रहे है जिससे भी सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सार्वजनिक कार्यक्रमो मे भी नशेड़ी लोगो का आतंक देखा गया है आये दिन मारपीट की घटना से आमजन भयभीत हे वही सुरक्षा को लेकर चिंतित भी है।लगातार बढते अपराध को नियंत्रित करने अब समय आ गया है जन जागरूकता की जहा सामाजिक हस्तक्षेप के चलते गांवो मे बिकने वाली नशीले पदार्थो की बिक्री बंद हो सके।

### गांजे के बड़े व्यपारी को सत्ताधारी लोगों का संरक्षण

थान खम्हरिया सहित ग्रामीण अंचलो मे गांजे की बिक्री करने वाले एक धार्मिक संगठन व राजनीतिक व्यक्ति को सत्ताधारीयो का संरक्षण प्राप्त है, यही कारण है कि लगभग तीन दशक के बाद भी आज तक उक्त गांजे के बड़े तस्कर के उपर बड़ी कार्रवाई नही हो पायी है जबकि यही धार्मिक संगठन के व्यक्ति नाबालिगो से गांजा बिक्री करवाये फिर रहा है।सत्ता आती जाती रही परंतु नगर मे नशाखोरी पर लगाम नही कशा जा सका है यही कारण है कि आज अपराधो की संख्या मे काफी बढोतरी देखी गयी है।प्रशासनीक कमजोरी व जनप्रतिनिधियो की बेरूखी से इन नशे के सौदागरो की हौसले बुलंद होते जा रहा है।पुलिस के पास अनेक कंपनी होने के बावजूद थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र के लगभग गांवो मे हो रही शराब व गांजे की अवैध बिक्री करने वालो पर कोई ठोस कार्रवाई नही हो पायी है इसका बड़ा कारण राजनितिक संरक्षण जो की क्षेत्र मे नशाखोरी को बढावा दे रही है।

# साइबर सेल और चौकी कंडरका पुलिस ने गांजा तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साइबर सेल एवं चौकी कंडरका पुलिस टीम ने मादक पदार्थों की अवैध बिक्री व परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 71 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल, एक स्कूटी तथा 5 हजार रुपये नगद जब्त किए गए हैं। जब्त संपत्ति की कुल कीमत लगभग 1 लाख 25 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

■ 2 किलो 71 ग्राम गांजा, बाइक-स्कूटी व 5 हजार नगद जब्त

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 8 फरवरी साइबर सेल एवं चौकी कंडरका पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा से गांजा लेकर एक व्यक्ति ग्राम भिंभौरी के श्मशान घाट के पास बिक्री के लिए आने वाला है। घेराबंदी के दौरान ग्राम भिंभौरी श्मशान घाट के पास मैदान में एक युवक स्कूटी में ग्राहक के रूप में प्रतीक्षा करता मिला। कुछ देर बाद मोटरसाइकिल से पहुंचे संदिग्ध को रोककर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना नाम हरिओम द्विवेदी (28 वर्ष) निवासी लमटीबहाल, जिला झारसुगुड़ा (ओडिशा) बताया। तलाशी लेने पर उसकी मोटरसाइकिल की डिक्की से खाकी रंग के टेप से लिपटे दो बंडल गांजा बरामद किया गया। वहीं ग्राहक भोला धीवर (20 वर्ष) निवासी ग्राम भिंभौरी के पास से गांजा खरीदने हेतु रखी गई 5 हजार रुपये की नगद राशि ▶▶| शेष पेज 13 पर

# सोते समय मच्छरदानी का करें उपयोग, पानी जमा न होने दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर विकासखंड नवागढ़ में राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फाइलेरिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने, मच्छर नियंत्रण और दवा के सेवन को प्रोत्साहित करना जिसका उद्देश्य फाइलेरिया बीमारी को जड़ से समाप्त करना है। शिक्षक शांत कुमार पटेल ने बताया कि फाइलेरिया बीमारी (हाथी पांव) क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलने वाली एक गंभीर बीमारी है। जब कोई संक्रमित मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो उसके शरीर में फाइलेरिया के लार्वा त्वचा के माध्यम से शरीर में प्रवेश कर जाता है, जिससे पैर एवं शरीर के भाग फूल जाते हैं। फाइलेरिया से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, आसपास पानी जमा न होने दे, फाइलेरिया रोग के उपचार के लिए सुरक्षित एवं प्रभावकारी औषधि ▶▶| शेष पेज 13 पर

■ लालपुर स्कूल में राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम, दवा खाने के लिए किया प्रोत्साहित



# टेमरी व अमोरा में स्वच्छता व्यवस्थाओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत राज्य सलाहकार रूपेश राठौर एवं अभिलाषा आनंद द्वारा विकासखंड नवागढ़ के गोद ग्राम टेमरी में स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का स्थल निरीक्षण किया गया।

■ राज्य सलाहकार रूपेश व अभिलाषा ने किया निरीक्षण

इस दौरान ग्राम में निर्मित सेग्रीगेशन शेड, कचरा संग्रहण व्यवस्था तथा सामुदायिक शौचालय का अवलोकन कर उनकी कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान ग्राम में संचालित स्वच्छता गतिविधियों के संबंध में सरपंच, सचिव एवं स्वच्छता दीदियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। घर-घर कचरा संग्रहण, कचरे के पृथक्करण एवं स्वच्छता व्यवस्था के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की जानकारी लेकर उनके त्वरित समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही, घर-घर कचरा संग्रहण कार्य को और अधिक प्रभावी एवं नियमित बनाने पर विशेष जोर दिया गया।



### यूनिट संचालन को सुदृढ़ करने पर जोर

राज्य सलाहकारों द्वारा स्वच्छता से जुड़े जमीनी कार्यों में संलग्न स्वच्छता दीदियों को प्रोत्साहित करते हुए स्वच्छता को जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर सतत निगरानी एवं सामुदायिक सहभागिता से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ गांव की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। इसके पश्चात ग्राम अमोरा में स्थित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्लास्टिक कचरे के संग्रहण, छंटाई एवं निस्तारण की प्रक्रिया की समीक्षा करते ▶▶| शेष पेज 13 पर

## रग्बी इंडिया ने सौंपी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

# हसदा के आकाश राष्ट्रीय रग्बी स्पर्धा में निभाएंगे रेफरी की भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा के पूर्व राष्ट्रीय रग्बी खिलाड़ी आकाश वर्मा जो कि वर्तमान ने एमपीएड की शिक्षा ग्रहण कर रहे है । उन्हें रग्बी इंडिया के द्वारा एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है विगत कई वर्षों से वो छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं और कई प्रतियोगिताओं में पदक भी हासिल किया है।

खिलाड़ी रहने के साथ साथ उन्होंने इस खेल की बारीकी को समझा और नियमों की सम्पूर्ण जानकारी एकत्र साथ ही उन्होंने लेवल 1 की परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। जो रग्बी इंडिया के द्वारा आयोजित की जाती है। छत्तीसगढ़ में चल रहे अस्मिता रग्बी लीग से लेकर स्टेट टूर्नामेंट में उन्होंने रेफरी की भूमिका को बखूबी निभाया साथ ही लगातार वो छत्तीसगढ़ में रेफरी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियो को निभाया।



आकाश वर्मा के कोच रहे लोकेश्वर राव जो कि वर्तमान में स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा ने व्यायाम शिक्षक के पद पर कार्यरत है। उन्होंने आकाश वर्मा की इस सफलता का सारा श्रेय अपने खिलाड़ी को दिया उनका कहना है कि इस खिलाड़ी का समर्पण ही उसे इस महत्वपूर्ण पद पर पहुंचाया है। लोकेश्वर राव कहना है कि आकाश वर्मा को राज्य स्तरीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता से ले कर अस्मिता रग्बी लीग तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का अनुभव है। जिसके आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय रेफरी के लिए हुआ है वो वर्तमान में छत्तीसगढ़ के सीनियर रेफरी शिवेंद्र यादव के मार्गदर्शन में रेफरी की काफी सारी बारीकियां सीख रहे है । साथ ही वर्तमान में आकाश वर्मा स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा में अपने कोच लोकेश्वर राव के साथ खिलाड़ियों को नियमित इस खेल का प्रशिक्षण देते है पूरे जिले में रग्बी खेल के नर्सरी के नाम से प्रसिद्ध हसदा का गांव जहां से लगातार राष्ट्रीय खिलाड़ी निकलते रहें है इस वर्ष स्कूल के खाते में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई जिसका श्रेय इस खिलाड़ी को जाता है ।

### इन्होंने दी शुभकामनाएं

चयन होने पर छत्तीसगढ़ रग्बी संघ के अध्यक्ष केदार कश्यप, सचिव एयाज अहमद खान ,कोषाध्यक्ष इमरान खान, सीनियर रेफरी शिवेंद्र यादव तथा स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा के संस्था प्रमुख जी पी सिंह,व्याख्याता डीके परगनिया, शिक्षक शिक्षिकाओं तथा ग्राम हसदा के सरपंच चंद्रशेखर परगनिया, ओमप्रकाश सिन्हा, रेखा पोषण सिन्हा जनपद सदस्य ,बलिराम धीवर अध्यक्ष शाला विकास समिति संध्या परगनिया संकुल समन्वय दीपक आडील उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की ।

# हाई स्कूल नरी में दसवीं के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय हाई स्कूल नरी में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत नरी के सरपंच लोकेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशुन साहू ने की। पूर्व सरपंच केशव साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुए।

■ अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का दिया संदेश





समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार झा ने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने परीक्षा के भय से मुक्त होकर सकारात्मक सोच के साथ अध्ययन करने की सलाह दी तथा कक्षा दसवीं के पश्चात करियर निर्माण हेतु उपलब्ध विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता संजय वर्मा, श्रद्धा तिवारी, चौवन सिंह साहू, उर्वशी साहू एवं दुर्गा प्रसाद सोनी ने भी विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा दसवीं के विद्यार्थी नामिका, आशीष, कविता, पवन, हेमलता सहित अन्य छात्रों ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा किए। कक्षा नवमीं की छात्राओं ▶▶| शेष पेज 13 पर

# गंदे पानी की 90% शिकायतें, नालियों से गुजरने वाली पाइपलाइनों की वजह से

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

इंदौर में गंदे पानी की सप्लाई के बाद हुई मौत और संक्रमण को देखते हुए दुर्ग निगम ने भी नालियों से गुजरने वाली पाइपलाइन को शिफ्ट करने की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। इसके लिए सभी 60 वार्डों में सर्वे किया जा रहा है, ताकि नालियों से गुजरने वाली पाइपलाइन की जानकारी मिल सके। इसके बाद प्रस्ताव बनाकर शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 21 ओवरहेड टैंक, 9 संपवेल, 11, 24 एवं 42 एमएलडी में जारी है सुधार कार्य किए जा रहे हैं। निगम द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में चिन्हित बड़े लीकेज को निरंतर सुधार कार्य किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## दुर्ग निगम ने शुरू किया मेंटेनेंस : 21 ओवरहेड टैंक, 9 संपवेल, 11, 24 एवं 42 एमएलडी में जारी है सुधार कार्य

### फिल्टर प्लांट और पानी की टंकियों की सफाई का काम जारी

अधिकारियों ने बताया कि निगम क्षेत्र में स्थित 21 ओवरहेड टैंक, 9 संपवेल, 11, 24 एवं 42 एमएलडी क्षमता वाले फिल्टर प्लांट के सैडिमेंटेशन टैंक की सफाई का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य होली के पूर्व पूर्ण किया जाने जा लक्ष्य है। सभी टैंकों से जल आपूर्ति प्राप्त करने वाले अंतिम छोर के घरों तक नियमित रूप से पानी के सैंपल लिए जा रहे हैं, जिन्हें पीएचई विभाग को गुणवत्ता जांच हेतु नियमित रूप से भेजा जा रहा है। इसके साथ ही शहर के सभी हैंडपंपों के जल सैंपल भी लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच की जा रही है।गुणवत्ता ठीक नही होने पर उसे तत्काल बंद कर आवश्यकता अनुसार उस जगह टैंकर से जल आपूर्ति किया जाएगा।





### निगम के मुताबिक नालियों से गुजरे पाइप का होगा सर्वे प्रस्ताव तैयार कर शासन को स्वीकृति के लिए भेजेंगे

जल विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार गंदे पानी की लगभग 90 प्रतिशत शिकायतें हितग्राहियों के घरों तक जाने वाली पाइप लाइन के नाली से होकर गुजरने एवं लीकेज के कारण होती हैं। ऐसी शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित लाइन को डिस्कनेक्ट कर हितग्राही को नई पाइपलाइन बिछाने हेतु सूचित किया जाता है। नगर निगम द्वारा दुर्ग निगम क्षेत्र में विभिन्न नालियों से गुजरने वाली पाइप लाइनों को हटाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिससे भविष्य में जल प्रदूषण की समस्या से स्थायी राहत मिल सके। तथा पाइन लाइन के कारण नालियों के जाम होने से गालियां एवं सड़को में गंदा पानी ओवरफ्लो होने की शिकायत से निजात मिल सके।

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण संरक्षण के लिए एमआरडी क्षेत्र में वाटर कैनन

**भिलाई ।** भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यस्थल की पर्यावरणीय स्थिति को और अधिक सुदृढ़ करने तथा धूल नियंत्रण करने एमआरडी–एनएसबीवाई क्षेत्र में दो आधुनिक वाटर कैनन स्थापित किए गए हैं। इनमें से एक वाटर कैनन बीएफ डंप क्षेत्र में तथा दूसरा एनएसबीवाई क्षेत्र में स्थापित किया गया है। स्लैग हैंडलिंग एक धूल-प्रवण गतिविधि है, जिसके दौरान कर्मचारियों द्वारा पहले से ही डस्ट मास्क सहित अन्य व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) का नियमित उपयोग किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, वाटर कैनन की स्थापना एक उन्नत तकनीकी उपाय के रूप में की गई है, जिससे सेपरेटर संचालन, सामग्री प्रबंधन एवं सड़कों पर वाहनों की आवाजाही के दौरान उत्पन्न धूल को और अधिक नियंत्रित किया जा सकेगा। वाटर कैनन के माध्यम से धूल कणों के दमन से न केवल वायु गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि दृश्यता बेहतर होने के साथ-साथ कार्यस्थल की समग्र सुरक्षा एवं स्वच्छता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक हरिश कुमार सचदेव ने कहा कि व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के साथ-साथ वाटर कैनन जैसे तकनिकी उपाय धूल नियंत्रण को अधिक प्रभावी बनाते हैं।

### जोन आयुक्त ने निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत निर्माणाधीन डामरीकरण सड़क सहित उद्यान का निरीक्षण जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा किया गया। स्थानीय नागरिको से मिलकर उनकी समस्या से अवगत हुए। जोन आयुक्त ने वैशाली नगर स्थित सिंधु भवन मार्ग में निर्माणाधीन डामरीकरण सड़क का निरीक्षण किये। स्थानीय नागरिको का मांग था कि सुगम यातायात हेतु सड़क बनाया जाये। जिसे देखते हुए नवीन सड़क निर्माण किया जा रहा है, इस सड़क के निर्माण से नागरिको को आवागमन में सुविधा होगी। समीपस्थ प्राइवेट समिति द्वारा सुन्दर नगर पार्क बनाया गया है, जिसका अवलोकन किया गया। स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर वहां की समस्या से अवगत हुए। उपस्थित नागरिको द्वारा उद्यान एवं सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था की मांग किया गया है, जिसे जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। निरीक्षण के दौरान अर्पित बंजारे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह उपस्थित रहे।

### अवैध कब्जों के चलते धीरे-धीरे सिकुड़ती जा रही तालाब की जमीन


# नहर का पानी बंद, सूखने की कगार पर कोहका का हरि तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

वार्ड 13 पुरानी बस्ती कोहका स्थित हरि तालाब आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। नहर का पानी बंद किए जाने के बाद तालाब लगभग सूख चुका है। कभी क्षेत्र की पहचान रहा यह जलस्त्रोत अब बदहाली और उपेक्षा की तस्वीर बन गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले करीब 17 वर्षों से तालाब की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। नियमित जल आपूर्ति नहीं होने से तालाब का पानी धीरे-धीरे कम होता गया। जहां कभी पानी लबालब भरा रहता था, अब हालात यह हैं कि अधिकांश हिस्सा सूखा पड़ा है। तालाब सूखने का असर आसपास के जलस्तर पर भी पड़ा है। क्षेत्र के निवासियों का कहना है कि भूजल स्तर काफी नीचे चला गया है। हैंडपंप और बोरवेल में पहले की तुलना में पानी कम निकल रहा है। इससे गर्मी के दिनों में जल संकट की आशंका और बढ़ गई है। स्थिति और गंभीर तब हो गई जब सूखे तालाब को कचरा फेंकने की जगह बना दिया गया। तालाब परिसर और वहां तक जाने वाले रास्ते में खुलेआम कचरा डाला जा रहा है। प्लास्टिक, घरेलू कचरा और निर्माण सामग्री का मलबा यहां देखा जा सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तालाब के आसपास कुछ लोगों ने अवैध निर्माण भी कर लिया है। धीरे-धीरे तालाब की जमीन सिकुड़ती जा रही है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो आने वाले वर्षों में यह तालाब पूरी तरह नक्शे से गायब हो सकता है।

## 17 साल से बदहाल, जलकुंभी से अटा तालाब



### कभी लबालब रहता था हरि तालाब, अब सूखा और उपेक्षित

क्षेत्र के निवासी रमेश चन्द्र ने बताया कि कई वर्षों से हरि तालाब की कोई साफ-सफाई नहीं की गई है। धीरे-धीरे इसकी हालत दयनीय होती चली गई। उन्होंने बताया कि एक समय था जब यह तालाब पूरे साल लबालब भरा रहता था। बरसात के दौरान जब पानी अधिक हो जाता था तो ओवरफ्लो की स्थिति संभालने के लिए पाइप लाइन भी बिछाई गई थी। उस पाइप के माध्यम से अतिरिक्त पानी नाली में चला जाता था, ताकि आसपास के घरों में जलभराव न हो, लेकिन अब स्थिति बिल्कुल उलट है। तालाब में पानी ही नहीं आज वहां सूखी जमीन नजर आती है।



### तालाब परिसर बना नशेड़ियों का अड्डा दहशत का माहौल

वार्ड 13 कोहका स्थित हरि तालाब के आसपास अब असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है। स्थानीय निवासी जयंती सेन और दुरपद बाई देशमुख ने बताया कि शाम होते ही यहां नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है। मना करने पर वे झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। निवासियों के अनुसार कुछ माह पहले शराब पीने से रोकने पर कुछ युवकों ने एक महिला पर प्राणघातक हमला भी किया था। घटना के बाद से इलाके में डर का माहौल है। स्थिति को देखते हुए कई लोगों ने अपने घरों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगा लिए हैं।

### बच्चों में वैज्ञानिक सोच को मिलेगा बढ़ावा दुर्ग के 5 शिक्षकों ने पुणे में लिया प्रशिक्षण

**भिलाई।** दुर्ग के 5 शिक्षकों ने समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के अंतर्गत पुणे में आयोजित स्कूल मानिटरिंग बॉय हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, केयर प्रोजेक्ट और यूनीसेफ के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना और आपदा से बचाव के तरीकों को सिखाना था। पुणे में आयोजित कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से शिक्षकों का चयन किया गया था जिसमें दुर्ग जिले के पांच शिक्षकों में ऊषा पाण्डेय, सुजाता, स्वर्णा, रविकांत देवांगन और अंजना सिंह ने हायर सेकंडरी स्कूलों की मानिटरिंग के तौर-तरीकों का प्रशिक्षण लिया। अब वे जिले के और शिक्षकों को ये प्रशिक्षण देंगे। तीन दिवसीय कार्यशाला से वापस होने के बाद ऊषा पांडेय ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें बच्चों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के तरीके, आपदा से बचाव के तरीकों के साथ ही केयर प्रोजेक्ट और यूनिसेफ के उद्देश्य और कार्यों की जानकारी दी गई।

### हिंदू सम्मेलन में उमड़े लोग, नृत्य और अखाड़े की दी गई शानदार प्रस्तुति

**भिलाई।** भिलाई तीन स्थित पदुमनगर कॉलोनी में सर्व हिंदू समाज की ओर से हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संजय पांडे थे। उन्होंने दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम की शुरुआत की। सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि संजय पांडे ने हिंदू संस्कृति और परंपरा के बारे में विस्तार से बताया, जिसे सुनकर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। कार्यक्रम में शकुंतला दास और संत समाज की ओर से भागवत आचार्य पं. अयोध्या प्रसाद द्विवेदी उपस्थित थे। नन्ही बालिका जूही द्वारा प्रस्तुत आरंभ है प्रचंड गान की प्रस्तुति दी जिसे लोगों ने साराहा। इसके साथ ही कार्यक्रम में चरोदा मार्शल आर्ट टीम की ओर से भूतपूर्व सैनिक दीपक दास के नेतृत्व में बालिकाओं ने आत्म-रक्षार्थ कराटे की कई विधियों की शानदार प्रस्तुति दी गई।

# सामुदायिक भवनों के निर्माण के लिए मंत्री गजेन्द्र यादव ने की 80 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। इन आयोजनों के माध्यम से उन्होंने समाजजनों से संवाद किये और समाज की एकता, सहयोग और सेवा भाव को निरंतर आगे बढ़ाने का संदेश दिए। वहीं सामाजिक विकास से जुड़ी मांगों को पूर्ण करने 80 लाख रुपए की घोषणाएं भी की।

- **समाज की एकता, सहयोग और सेवा भाव को निरंतर आगे बढ़ाने का मंत्री संदेश**

मंत्री गजेन्द्र यादव दुर्ग के मोहन नगर स्थित संत गजानन महाराज मंदिर में आयोजित प्रगट महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने संत गजानन महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना कर सभी के शांति हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने वार्ड 12 में सामुदायिक भवन के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा की। इसके पश्चात दुर्ग राज ठेठवार यादव समाज द्वारा चंदखुरी में आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए। सामाजिक



आयोजन के अंतर्गत आयोजित रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर की उन्होंने सराहना की। जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान करने वाले समाज के युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने इसे समाजहित में एक अनुकरणीय पहल बताया। कोसरिया मरार पटेल समाज के वार्षिक महोत्सव में उन्होंने मां शाकंभरी देवी की पूजा-अर्चना की तथा समाजजनों से संवाद करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में दो स्थान पर पटेल समाज के भवन निर्माण के लिए क्रमशः 20 और 30 लाख राशि की घोषणा भी किए।

## सेक्टर 9 अस्पताल की व्यवस्था में सुधार पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भिलाई इस्पात मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल प्रभारी चिकित्सा डॉक्टर कौशलेंद्र ठाकुर से मिलकर सेक्टर 9 अस्पताल में चिकित्सको की संख्या बढ़ाने,मरीजो को हो रही परेशानी दूर करने और व्यवस्था सुधारने की मांग की। उपाध्यक्ष विनोद उपाध्याय ने कहा कि अस्पताल में डाक्टरों की कमी से रेफरल मरीजों को परेशानी हो रही है। उपाध्यक्ष शारदा गुप्ता ने आईसी यू के वेटिंग हाल में मरीजों के परिजन के लिए बैठने की व्यवस्था बेहतर करने कहा। वशिष्ठ वर्मा ने हृदय रोग विशेषज्ञ और अन्य रोग विशेषज्ञ के डॉक्टर की संख्या बढ़ाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने सीएमओ को बताया कि अस्पताल की व्यवस्था में पिछले कुछ सालों से निरंतर गिरावट आ रहा है। कई विभागों में चिकित्सा विशेषज्ञ और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। अस्पताल रेफरल सेंटर बन कर रह गया है। पदाधिकारियों ने जल्द व्यवस्था सुधारने व स्पेशलिस्ट डाक्टरों की नियुक्ति की मांग की, ताकि मरीजों को परेशानी न हो।

## कोक ओवन व कोल केमिकल्स से हुई शुरुआत, उत्पादन की दी जानकारी



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जन सहभागिता कार्यक्रम 'आप भी जानिए' के सीजन–2026 कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग के कर्मियों की पत्नियों की सहभागिता के साथ शुरु किया गया। उद्घाटन सत्र में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा, महाप्रबंधक प्रभारी जेएन ठाकुर तथा महाप्रबंधक संजय द्विवेदी उपस्थित थे। सहायक महाप्रबंधक प्रशांत कुमार द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। इसमें संयंत्र की उत्पादन प्रक्रिया, कार्य प्रणालियों एवं सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गई।अतिथियों ने कहा कि सुरक्षा केवल कार्यस्थल तक सीमित न होकर पारिवारिक जागरूकता से भी जुड़ी हुई है तथा सुरक्षित कार्य - व्यवहार को बढ़ावा देने में परिवारों की भूमिका महत्वपूर्ण है। संयंत्र भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने ब्लास्ट फर्नेस 8, एसएमएस3, कोक ओवन बैटरियों तथा यूनिवर्सल रेल मिल का अवलोकन किया और विभिन्न उत्पादन प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। संवाद एवं फीडबैक सत्र में मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा, महाप्रबंधक प्रभारी झगर सिंह, महाप्रबंधक प्रभारी संजय बी. पाटिल, महाप्रबंधक मधुसूदन नायक, महाप्रबंधक पी शशिकांत तथा महाप्रबंधक प्रभारी दिलीप सामंतराय ने परिवारजनों से संवाद किया और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए।

## शिक्षा सेवा नहीं बल्कि वसूली का गढ़ बना : राकेश ठाकुर

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा शुल्क में की गई भारी बढ़ोतरी भाजपा सरकार की छात्र-विरोधी सोच का जीवंत प्रमाण है। पांच साल बाद एक साथ परीक्षा शुल्क, आवेदन शुल्क, स्वाध्यायी छात्रों के पंजीयन एवं अनुमति शुल्क सहित करीब 22 मदों में बढ़ोतरी कर भाजपा सरकार ने शिक्षा को सेवा नहीं, बल्कि शिक्षा विभाग को वसूली का गढ़ बना रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि पहले जहां बोर्ड परीक्षा, अंकसूची और प्रायोगिक शुल्क मिलाकर 460 रुपये लिए जाते थे, अब उसे बढ़ाकर 800 रुपये कर दिया गया है। आवेदन शुल्क 80 रुपये से बढ़ाकर 150 रुपये किया गया। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में की गई है जब प्रदेश का किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग पहले से ही महंगाई की मार झेल रहा है। उन्बोंने कहा कि शिक्षामंत्री को छात्रों और अभिभावकों की तकलीफ नजर नहीं आ रही है या फिर वे जानबूझकर शिक्षा को अमीरों तक सीमित करना चाहते हैं। स्वाध्यायी छात्रों के पंजीयन शुल्क को 560 रुपये से बढ़ाकर 800 रुपये और राज्य से बाहर के छात्रों के लिए 1540 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये करना यह साबित करता है कि शिक्षा मंत्री पूरी तरह असंवेदनशील हो चुके हैं। राकेश ठाकुर ने मांग की कि माशिमं द्वारा बढ़ाए गए सभी शुल्क तत्काल वापस लिए जाएं और 2021 से पहले की दरों को ही लागू रखा जाए जिससे किसी भी विद्यार्थियों के परिवार पर अतिरिक्त बोझ न पड़े।



## भिलाई बचाओ अभियान : जनसंवाद में उठे सड़क-पानी-रोजगार के सवाल



**भिलाई।** भिलाई बचाओ अभियान के तहत सेक्टर-4 में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक देवेंद्र यादव ने सीधे नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं, सुझाव और अपेक्षाएं सुनीं। कार्यक्रम का मकसद साफ था शहर की मूलभूत सुविधाओं और नागरिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों को सामने लाना और उन्हें मजबूती से आगे बढ़ाना।कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र परगनिहा ने अभियान की जरूरत और उसके उद्देश्यों को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि भिलाई के लोगों की आवाज को शासन और प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाना ही इस अभियान की प्राथमिकता है। वरिष्ठ पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने भी कहा कि किसी भी जनआंदोलन की असली ताकत जनता की भागीदारी से ही बनती है। जनसंवाद के दौरान भिलाई स्टील प्लांट से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठीं। नागरिकों ने सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दों पर चिंता जताई। प्रबंधन की नीतियों से रहवासियों को हो रही दिक्कतों को भी खुलकर सामने रखा गया।कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी-3 के अध्यक्ष सौरव मिश्रा, पार्षद एकांश बंछोर, पार्षद राजेश चौधरी, पार्षद सुरेश वर्मा, इंटक महासचिव संजय साहू, पार्षद आदित्य सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी-4 के अध्यक्ष सौरभ दत्ता और सुमित सिंह मौजूद थे।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने क्राइम टीम की ली बैठक

# थाने के आरक्षकों को ए और बी नोटबुक का करना होगा संधारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

जिले के थाने में पदस्थ आरक्षकों को अब ए व बी नोटबुक का संधारण भी करना होगा। इसका साप्ताहिक निरीक्षण थाना प्रभारी को करना होगा। एसएसपी विजय अग्रवाल ने क्राइम की बैठक में इसे लेकर निर्देश दिए। पुलिस कंट्रोल में हुई बैठक में एसएसपी अग्रवाल ने कहा कि सभी थाना प्रभारियों, राजपत्रित अधिकारियों की अपराध की समीक्षा किया। बैठक में अपराध नियंत्रण, विवेचना की गुणवत्ता, लंबित अपराधों, प्रकरणों की स्थिति, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई प्रशासनिक अनुशासन से जुड़े बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किया। एसएसपी ने गंभीर एवं संवेदनशील अपराधों में तुरंत निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित करने को कहा है। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन, गवाहों के कथन, तकनीकी साक्ष्य, वैधानिक प्रावधानों का पूर्णतः पालन किया जाए। आदतन अपराधियों, निगरानी बदमाशों, वारंटियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने, अवैध हथियारों, मादक पदार्थों, जुआ-सट्टा जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण करने के निर्देश दिए है। वहीं लंबित अपराधों, चालान, न्यायालयीन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा है। बैठक में थाना प्रभारी प्रतिदिन प्रातः शाम में अनिवार्य रूप से थाना के गणना उपस्थित, स्थानीय स्तर पर जन-शिकायतों का तुरंत निदान, गंभीर एवं संवेदनशील अपराधों की सूचना समय पर राजपत्रित अधिकारियों को दे, गंभीर प्रकृति के मामलों में थाना प्रभारी स्वयं प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करे, सभी आरक्षक को ए-बी नोटबुक का संधारण करेंगे, साप्ताहिक निरीक्षण थाना प्रभारी द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा थाना प्रभारी थाना मुख्यालय में ही रात्रि मुकाम निश्चित करे, अवैध नशे, मादक पदार्थों, नशा तस्करी के खिलाफ प्रभावी पर कार्रवाई करने को कहा गया है।

- **बुक का साप्ताहिक निरीक्षण थाना प्रभारी करेंगे**



**थानेदारों को ये भी हिदायत :** वर्तमान विधानसभा सत्र को दृष्टिगत रखते हुए बीट व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। बीटों प्रभारी को उचित दिशा निर्देश प्रदान किया जाएगा। पुलिस कार्यालय से प्राप्त पत्राचार का समय-सीमा में अवलोकन कर आवश्यक जवाब पेश किया जाए। नेफिस प्रणाली में को बीट सिस्टम के माध्यम से शत-प्रतिशत पालन किया जाए। गांजा अन्य मादक पदार्थों के खिलाफ एनडीपीएस एवं आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जब्त सामग्री का नष्टीकरण कराया जाए। धारा 41(1-4) के अंतर्गत जप्त वाहनों और धारा 34(2) आबकारी के तहत शराब के नष्टीकरण की वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र निराकरण किया जाए। ई-चालान, ई-समन एवं ई-ऑफिस प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन हो, लंबित प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, मर्ग प्रकरणों का शीघ्र , विधिसम्मत निराकरण हो, रात्रि कालीन गश्त ड्यूटी का प्वाइंट बढ़ाने को कहा गया है।

## कन्या कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता पर हुआ व्याख्यान

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य का अच्छा होना आवश्यक है। यह हमारे विचारों भावनाओं को प्रभावित करता है। अत्यधिक तनाव व काम के दबाव में हमारा मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। अपने कार्यों की गुणक्ता बनाये रखने के लिए हमें अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। डॉ. वैभव शंकर सोनी ने कहा कि परीक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने परीक्षा से संबंधित डर को दूर करने के उपाय बताए। कड़ी मेहनत करें और अपने आत्म विश्वास को बनाए रखें। सकारात्मक मानसिकता हमें सफलता की ओर ले जाती है। शाश्वत तिवारी ने कहा- कि मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए दो बातों का ध्यान रखना चाहिए। नियमितता-जिसके अंतर्गत अपने सभी काम समय पर करें, सोशल मीडिया का अनावश्यक प्रयोग से बचें। प्रकृति से जुड़े और खानपान पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर वंदना बंजारे, दीपक ठाकुर तथा हिन्दी द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राएं व अंग्रेजी की छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनीता तिवारी व आभार प्रदर्शन ज्योति भरणे ने किया।



## खबर संक्षेप

### श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए अर्जुन तिवारी



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम भगतपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने अपने परिवार सहित कथा श्रवण कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की तथा कथा व्यास पंडित मेघानंद शास्त्री से आर्शीवाद प्राप्त किया। कथा के दौरान पंडित मेघानंद शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण एवं देवी रूखमणि के विवाह की अनोखी और प्रेरणादायक कथा का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि रूखमणि, विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री एवं माता लक्ष्मी का अवतार थीं। देवर्षि नारद से श्रीकृष्ण के गुण, रूप और यश को सुनकर रूखमणिने मन ही मन उन्हें अपना पति स्वीकार कर लिया था। जब रूखमणि का विवाह चेदिराज दमघोष के पुत्र शिशुपाल से तय किया गया, तब उन्होंने एक ब्राह्मण के माध्यम से श्रीकृष्ण को संदेश भिजवाया। श्रीकृष्ण विदर्भ की राजधानी कुंडीनपुर पहुंचे और शिशुपाल सहित अन्य राजाओं को परास्त कर रूखमणि का उनकी इच्छा अनुसार हरण कर द्वारिका ले आए। मार्ग में रुक्मिणी के भाई रुक्मी से युद्ध हुआ, जिसमें श्रीकृष्ण और बलराम ने उसे पराजित किया। तत्पश्चात द्वारिका में विधि-विधान से श्रीकृष्ण-रूखमणि का विवाह सम्पन्न हुआ। यह श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ स्व. कुमारू चंद्रवंशी के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर आयोजित किया गया है। इस आयोजन के मुख्य यजमान श्रीमती अमोला कोमल चंद्रवंशी, श्रीमती संगीता कमोद चंद्रवंशी एवं श्रीमती मंजू प्रमोद चंद्रवंशी विराजमान है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति भाव से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### विद्यासागर विद्यालय मैनपुरा-पंडरिया में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**हरिभूमि पंडरिया।** ग्राम मैनपुरा-पंडरिया स्थित विद्यासागर विद्यालय में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी पंडरिया घनश्याम साहू, आनंद सिंह ठाकुर, दिनेश कोसरिया, गुरुदत्त शर्मा, आशीष बोथरा, चंद्रभान कोसले, खोवाराम भास्कर, श्रीमती ईश्वरी साहू और प्रशांत सिंह बैस उपस्थित थे। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। वहीं उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने सराहना की। उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में अर्जुन तिवारी ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और कहा कि पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वहीं घनश्याम साहू ने कहा कि वार्षिक उत्सव के माध्यम से स्कूल अपने छात्र छात्राओं की प्रतिभा और उपलब्धियों को प्रदर्शित करता है। उन्होंने विद्यासागर विद्यालय के बच्चों को खूब पढ़ने और देश-दुनिया में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। वहीं जनपद सदस्य दिनेश कोसरिया ने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने वाली बात की। इस दौरान शाला परिवार की शिक्षक शिक्षिकाएं , पालग गण तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# श्री रूद्र महायज्ञ व श्रीशिव कथा कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव कथा के अष्टम दिवस पर पूरा गांव हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। वहीं भगवान श्री शिव की कृपा से श्रद्धालुओं को दर्शन व कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इस पावन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा का ग्राम कोलेगांव आगमन हुआ, जहां श्री रुद्र महायज्ञ समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने विधिवत श्री रूद्र महायज्ञ की परिक्रमा कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। महायज्ञ अंतर्गत शिव कथा में झांसी (मध्यप्रदेश) से पधारीं कथा प्रवक्ता श्रीमती रश्मि शास्त्री ने शिव महापुराण की भावपूर्ण कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान शिव का अर्थ ही कल्याण है। उन्होंने नारद एवं भगवान विष्णु से संबंधित प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि अहंकार के क्षण में भी शिव की माया जीव को कल्याण की ओर ले जाती है। नारद के कल्याण हेतु भगवान शिव ने श्री विष्णु को हरि रूप प्रदान कराया, यह कथा शिव की करुणा और लीला का अद्भुत उदाहरण है। इस दौरान नंदनी साहू, किशोर सानू तिवारी, श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र, रामाधार शर्मा, पवन शर्मा, श्रीमती ममता विजय शुक्ला, विनय शर्मा, सुरेश धुर्वे, जोतराम साहू, मोहन चंद्रवंशी, डॉ संतोष साहू, परमेश्वर साहू, कपिल चंद्राकर, सुधा साहू, गीताराम साहू, देवेंद्र चंद्रवंशी, मनहरण साहू, सुरेश दुबे, दिनेश मिश्रा, शेखर सिंगरौल, श्रीमती भानु साहू, श्रीमती उत्तरा धुर्वे सहित समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### हाई स्कूल को हॉयर सेकेंण्डरी में उन्नयन का विधायक ने दिया आश्वासन



विधायक भावना बोहरा ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम कोलेगांव में विगत 16 वर्षो से लगातार श्ररी रुद्र महायज्ञ का आयोजन होना स्वयं भगवान शिव की विशेष कृपा है। उन्होंने कहा कि महायज्ञ एवं शिव कथा श्रवण का सौभाग्य प्रभु के आशीर्वाद से ही प्राप्त होता है। इस दौरान ग्रामवासियों ने विधायक के समक्ष हाई स्कूल को हॉयर सेकेंण्डरी में उन्नयन की वर्षो पुरानी मांग रखी, जिस पर विधायक भावना बोहरा ने शीघ्र सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थें।

## खेती-किसानी : ग्रामीण किसान आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर

# जिले के किसान सीख रहे हैं वैज्ञानिक खेती के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अब खेती-किसानी का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। परंपरागत एक ही फसल पर निर्भर रहने के बजाय क्षेत्र के ग्रामीण किसान अब वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर नए-नए साग-सब्जियों सहित अनेक फसलों की खेती कर रहे हैं। इसका सीधा असर उनकी आमदनी और आर्थिक स्थिति पर साफ दिखाई देने लगा है। जिले के किसानों ने आधुनिक तकनीक, नई-नई खोज और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर खेती के क्षेत्र में मानो चमत्कार कर दिखाया है। आज किसान एक ही खेत में कई तरह की फसलों का उत्पादन कर रहे हैं, जिससे उन्हें साल भर नियमित आय मिल रही है। यही कारण है कि अब जिले के किसान आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र के ग्रामीण किसान बेहतर पैदावार हासिल कर रहे हैं और अपनी मेहनत व हुनर से अच्छी आमदनी कमा रहे हैं। इससे साफ है कि जिले के किसान अब आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को जमीन पर साकार कर रहे हैं।

### एक ही खेत में विविध फसलों का उत्पादन कर रहे



ग्राम बीजाझोरी निवासी लाला प्रसाद साहू ने बताया कि इसका जीवंत उदाहरण हैं उन्होंने फूलगोभी और टमाटर की बंपर पैदावार की है, जिसे नासिक सहित आसपास के जिलों में बेचा जा रहा है। इसके अलावा वे फूलगोभी, टमाटर, बैंगन, भिंडी, बरबटी, आलू, मूंगफली, हल्दी, सेमी, केला, पपीता, करेला सहित अनेक प्रकार की सब्जियों और अन्य फसलों की खेती कर रहे हैं। किसानों द्वारा अपनाई जा रही यह बहुफसली खेती न सिर्फ उनकी आय बढ़ा रही है, वहीं अन्य राज्य पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की तर्ज पर अब कबीरधाम जिले के किसान भी एक ही खेत में विविध फसलों का उत्पादन कर रहे हैं।

# सुखाताल में नौ दिवसीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सुखाताल स्थित मां महामाया प्रांगण में 04 से 12 फरवरी तक नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें यज्ञाचार्य पं. प्रमोद शर्मा, यज्ञ संयोजक एवं प्रमुख यजमान आचार्य पं. सुरेश शर्मा, पं. उदय शर्मा द्वारा होम-हवन किया जा रहा है। जिससे ग्राम सुखाताल सहित आसपास के श्रद्धालुओं में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। बताया जाता है कि 04 फरवरी को श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के प्रथम दिवस भव्य जल यात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश के साथ किया गया, वहीं द्वितीय दिवस वेदी स्थापना, मंडप-पूजन के साथ प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भक्तजनों को कथा रसपान कराया जा रहा है। जिसमें भक्तगण प्रतिदिन श्रीलक्ष्मी नारायण ज्ञान यज्ञ भगवान का परिक्रमा कर आर्शीवाद प्राप्त कर रहे है। वहीं कथा प्रवचन दोपहर 3:00 बजे से पं. रामलोचन तिवारी द्वारा श्रीराम चरित मानस का दिव्य कथा का रसास्वादन सुमधुर संगीत के साथ तीन दिनों तक कराया गया। जिसमें भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर विवाह तक की कथा सुनाया गया, उन्होने बताया कि कैसे



अयोध्या के राजा दशरथ के संतान नहीं होने पर अपने कुलगुरु वशिष्ठ के सलाह से श्रृंगी ऋषि के पास गए और उनके कहने पर पुत्रेष्टि यज्ञ किए पुत्रेष्टि यज्ञ करने से यज्ञ कुंड से अग्नि देव प्रकट हुए और प्रसाद के रूप में खीर दिए, जिसे राजा दशरथ ने बड़ी रानी कौशल्या सुमित्रा एवं केकैई को खीर रूपी प्रसाद को सेवन करने के लिए दिए प्रसाद सेवन के पश्चात तीनों रानियो से भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुहन का जन्म हुआ और अयोध्या में खुशियां छा गई। चारों राजकुमारों का बाल लीला उपरांत मिथिला के राजा विदेहराज जनक की पुत्री माता जानकी के साथ भगवान श्रीराम का विवाह हुआ। इस श्रीराम प्रसंग कथा रसपान कर ग्रामीण भक्तजन अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है।

# रंग-संगीत का हुआ शानदार आयोजन, कला काव्य, संगीत व नृत्य का रंगारंग उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के सहयोग से आश्रयनिष्ठा वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित रंग-संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे अलग-अलग सत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, पहले सत्र में प्रदेश भर से प्राप्त कलाकारों के पंजीयन पश्चात चयनित प्रतिभाओ को अपना हुनर दिखाने का मौका दिया गया, हुनर का मंच अंतर्गत गायन, कत्थक, गिटार, बासुरी, काव्य पाठ, लोकगीत एवं नृत्य के माध्यम से रश्मि केशरवानी, गौरव गुप्ता, स्वाति गुप्ता, रोशन चंद्रवंशी, संस्कार साहू, रिंकू साहू, सचिन कुम्हरे, अक्षय तिवारी, कवलजीत कौर, किरण नरवाणी, आरव मानिकपुरी, किरण माथुर, ख्याति वर्मा व योगेंद्र मानिकपुरी ने अपनी बहुरंगी प्रस्तुति दी। वहीं द्वितीय सत्र में बिलासपुर की प्रतिष्ठित संस्था



नृत्यधारा डांस अकादमी के सदस्यों ने अंतर्राष्ट्रीय नृत्य साधिका आंचल पाण्डेय के नेतृत्व में महाभारत के महत्वपूर्ण प्रसंग द्रोपदी चिरहरण का नृत्य नाटिका के माध्यम से अत्यंत प्रभावी मंचन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, भाजपा जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता जसविंदर बग्गा, जिला भाजयुमो अध्यक्ष उमंग पाण्डेय उपस्थित थें। जिन्होंने सभी प्रतिभाओ व राज्य बाहर से आए आमंत्रित कलाकारो का सम्मान किया व उनके उज्वल भविष्य की कामनाएं की। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा की कला, संस्कृति, संगीत व साहित्य भारत की आत्मा है और साहित्य हमारे अंदर बेहतर इंसान को जीवंत करता है। नृत्य न सिर्फ मनोरंजन है बल्कि साधना का भी माध्यम है। समस्त अतिथियों का आश्रयनिष्ठा वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष नितिन त्रिपाठी ने स्वागत किया व स्मृति चिन्ह भेंट किया। आयोजन के अंतिम सत्र में सुगम संगीत की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया, इस सत्र में युवा गायक सुगम शिवाले व श्वेता शिवाले ने अपनी टीम के साथ एक से बढ़कर एक नगमों की झड़ी लगा दी। कार्यक्रम का सफल संचालन अभिषेक पाण्डेय, वीरेंद्र चंद्रवंशी, पारसमणि शर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन प्रेमिश शर्मा ने किया।

# श्रीराम कथा से क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से आप्लावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

कुण्डा क्षेत्र इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और अध्यात्म की त्रिवेणी में सराबोर है। ग्राम पंचायत कुण्डा के पूर्व सरपंच एवं सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य, दिव्य एवं विराट आयोजन सम्पूर्ण क्षेत्र को भगवान श्रीराम की कथा से आप्लावित कर रहा है।



कथा स्थल पर प्रतिदिन उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इस आयोजन की भव्यता और लोकप्रियता का प्रमाण है। कथा के क्रम में वाराणसी से पधारे जगद्गुरु उपाधि से विभूषित पूज्य ब्रम्हदेवाचार्य ने सरदार पब्लिक हॉयर सेकेंण्डरी विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं समस्त शिक्षकों को भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र के माध्यम से जीवन मूल्यों, मर्यादा, कर्तव्य और संस्कारों का सारगर्भित संदेश दिया। उनके ओजस्वी प्रवचनों से युवा पीढ़ी विशेष रूप से प्रभावित नजर आई। वहीं जबलपुर से पधारीं सुश्री सुनीता शास्त्री ने भगवान श्रीराम-जानकी विवाह की भावपूर्ण कथा प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उनकी सुमधुर वाणी और मानस की प्रखर व्याख्या से पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा और श्रद्धालु झूम उठे। कथा के दौरान मानस की मुखरता ने जनमानस को गहरे स्तर तक आह्लादित किया। कथा प्रसंगों में रानी लक्ष्मीबाई के देश के प्रति अद्वितीय बलिदान की गाथा एवं सनातन धर्म की रक्षा हेतु सिरवन सम्प्रदाय के वीर बालकों द्वारा अपने शरीर की आहुति जैसे प्रसंगों का मार्मिक वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रोताओं की आंखें नम हो गई और राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत हुआ। आयोजन में दुख निवारण बाब्बे डेरा के प्रसिद्ध संत हरदीप सिंह द्वारा विद्वानों, कथावाचकों एवं अतिथियों के सत्कार-सम्मान की सुंदर व्यवस्था की गई। वहीं मंच का कुशल एवं दिव्य संचालन पं. नीलभद्र शर्मा (कुण्डा) ने किया, जिन्होंने अपनी शैली से वक्ताओं और श्रोताओं का ध्यान कथा से निरंतर जोड़े रखा। इस अवसर पर अमनदीप सिंह छाबड़ा, कुलदीप सिंह छाबड़ा, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू, शशीकांत त्रिपाठी, श्रीमती क्षमा त्रिपाठी, डॉ मेघा त्रिपाठी, मोतीराम चन्द्रवंशी, रामकुमार भट्ट, लालजी चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश बाजपेयी, श्रीमती शशि किरण बाजपेयी, अभिनव तिवारी, राजेश बिसेन, अविनाश सेठी, नीलेश सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें। कथा के प्रति बढ़ते जनसमर्थन और अपार श्रद्धा को देखते हुए आयोजनकर्ता सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा की कीर्ति सूर्य की रश्मियों की भांति चारों ओर फैलती दिखाई दे रही है। श्रद्धालुओं का कहना है कि यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना को भी सुदृढ़ कर रहा है।

## एक दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन अम्बेडकर भवन में किया गया

# योग साधना को हम दैनिक जीवन में अनिवार्य रूप से शामिल करें: राज्य प्रभारी जया मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

महिला पतंजलि योग समिति कवर्धा के तत्वाधान में 8 फरवरी को एक दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन अम्बेडकर भवन में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ वैदिक रीति से यज्ञ हवन एवं भजनों के साथ हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करना तथा अधिक से अधिक योग शिविरों का आयोजन कर समाज को योग एवं संगठन से अवगत कराना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ की राज्य प्रभारी सुश्री जया मिश्रा ने की तथा सह राज्य प्रभारी और राज्य कार्यकारिणी ममता की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यशाला में कवर्धा, दुर्ग एवं बेमेतरा जिला की महिला पतंजलि योग समिति के सदस्यों ने भी सहभागिता की सुश्री जया मिश्रा ने विजय रथ चौपाई का भावार्थ प्रस्तुत करते हुए कहा कि जीवन राष्ट्रहित एवं देश सेवा के लिए हमें योग को अपनाना चाहिए उन्होंने स्वयं योग साधना करने और योग कक्षा लगाकर योग सेवा के लिए प्रेरित करने पर बोल दिया। राज्य प्रभारी गंगा अग्रवाल ने नवधा भक्ति के श्लोक का सरल व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए इस जीवन में अपने के उपाय बताएं तथा जीवन में गुरु के महत्व पर भी प्रकाश डाला। राज्य कार्यकारिणी बहन ममता ने देवी संपद की व्याख्या करते हुए सभी बहनों को योग,



आयुर्वेद और संगठन को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी साथ ही कार्यशाला में रोगानुसार योग वेद एवं उपनिषद के प्रमुख मित्रों का भी परिचय कराया। वहीं महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी ने योग और आसान करके उनके लाभ बताए। बिटिया इशिका के द्वारा सांस्कृतिक नृत्य कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया वहीं विंध्यवासिनी ग्रुप की बहनों ने भी दिए से सांस्कृतिक नृत्य कर अपनी प्रस्तुति दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी की धर्मपत्नी मंजू चंद्रवंशी, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष की धर्मपत्नी आभा तिवारी एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांच मैनेजर की धर्मपत्नी ऋषि द्विवेदी का आगमन हुआ। संगठन की महामंत्री श्रीमती ज्योति शुक्ला के द्वारा आए हुए विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया गया। बहन भारती ने आए हुए सभी बहनों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ, कार्यशाला में किसान सेवा पंचायत के राज्य प्रभारी गणेश तिवारी, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी सुरेश चंद्रवंशी, भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी अजय चंद्रवंशी, पंडरिया तहसील प्रभारी सीमा ताम्रकार, बोड़ला तहसील प्रभारी संगीता, लता, पोड़ी से निर्मला, शकुंन, जलेश्वरी, इंद्राणी, कवर्धा से विनीता, भारती राजपूत, सरोज, पार्वती, मंजू वर्मा, ममता ठाकुर, मीनाक्षी, आजीवन सदस्य शकुंतला, प्रभा, शीला, पिंकी, निर्मला शर्मा, महिमा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## पेज 11 के शेष

### साइबर सेल और चौकी ...

बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 2 किलो 71 ग्राम गांजा (कीमत लगभग 20 हजार रुपये), मोटरसाइकिल, स्कूटी व नगद रकम जब्त कर धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिवत वैधानिक कार्रवाई की है। इस संपूर्ण कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, चौकी प्रभारी कंडरका उप निरीक्षक डी.एल. सोना सहित साइबर सेल व चौकी स्टाफ की अहम भूमिका रही।

### सोते समय मच्छरदानी का ...

डीईसी की खुराक अवश्य लें।

**बचाव के लिए डीईसी की गोली खाएं:** फाइलेरिया बीमारी के बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी आंगनबाड़ी, प्राथमिक शाला, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी नियमित समय अंतराल पश्चात डीईसी की गोली खाने के लिए प्रदान की जाती है। **ये रहे उपस्थित:** जागरूकता कार्यक्रम पर प्रधानपाठक रामायण मनहरे, बृजपाल सिंह डाहिरे, घनश्याम प्रसाद साहू, मोतीराम पात्रे, शांत कुमार पटेल एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### यूनिट संचालन को ...

हुए यूनिट के संचालन को और सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक सुझाव दिए गए। इस निरीक्षण का उद्देश्य ग्रामों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना, कचरा प्रबंधन प्रणाली को प्रभावी बनाना तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करना रहा।

### हाई स्कूल नरी में दसवीं ...

आरती एवं सुमन ने कार्यक्रम का सराहनीय संचालन किया। विदाई समारोह में कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा दसवीं के सभी छात्रों को आकर्षक स्मृति चिन्ह भेंट किए गए, वहीं कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय के लिए स्मृति स्वरूप उपहार प्रदान किए। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन के साथ समारोह का समापन हुआ।



## खबर संक्षेप

### 12 को खैरा में गूंजेगी श्रीराम की महिमा

**राजनांदगांव।** ग्राम खैरा (कन्हारपुरी) में अध्यात्म और भक्ति की अविरल धारा बहने वाली है। आदर्श मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 12 फरवरी को एक दिवसीय भव्य रामकथा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है और तैयारियां जोरों पर है। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सुबह 10 बजे दीप प्रज्जवलन के साथ होगा। इसके पश्चात दिनभर ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों द्वारा श्रीराम चरित मानस के प्रसंगों की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। प्रथम सत्र सुबह 11 से दोपहर 02 बजे तक जय परमेश्वरी बालिका मानस परिवार कोटेरा डौंडीलोहारा द्वारा मानस पाठ किया जाएगा। द्वितीय सत्र दोपहर 03 से संध्या 06 बजे तक जय मां शीतला मानस परिवार भोथली, आरंग अपनी सुमधुर प्रस्तुति देंगे।

### संगीता रॉबिंसन बने सोमनी परीक्षा के केंद्राध्यक्ष

**सोमनी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोमनी में हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी (12वीं) बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 हेतु परीक्षा का संचालन व बैठक व्यवस्था हेतु रीवागहन की प्राचार्य संगीता रॉबिंसन को सोमनी परीक्षा का केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। केंद्राध्यक्ष श्रीमती संगीता रॉबिंसन एवं सोमनी की प्राचार्य श्रीमती सविता अवस्थी ने बताया कि परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक चलेगी। 10वीं बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल में कुल 296 विद्यार्थी शामिल होंगे।

### डीएसपी कौशिल्या साहू ने छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, नवीन कानून व साइबर अपराध से कराया अवगत

# ‘हमर पुलिस हमर गांव’ अभियान के तहत महिला सुरक्षा को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा “हमर पुलिस हमर बजार” एवं “हमर पुलिस हमर गांव” अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा अभियान के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं को सुरक्षा, कानून और साइबर अपराध से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

यह अभियान पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न ग्रामों, बाजारों, स्कूलों एवं कॉलेजों में संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को कानून के प्रति जागरूक करना तथा अपराधों से बचाव के लिए सतर्क करना है।

थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल जिया में “हमर पुलिस हमर गांव” अभियान के तहत अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएसपी कौशिल्या साहू ने शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप की जानकारी देते हुए उसके उपयोग, महत्व एवं लाभों के बारे में बताया।

#### नवीन आपराधिक कानूनों की दी गई जानकारी

डीएसपी कौशिल्या साहू ने छात्र-छात्राओं को भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 से अवगत कराया। उन्होंने सरल भाषा में समझाया कि नए कानूनों का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों एवं पीड़ितों को अधिक सुरक्षा और त्वरित न्याय प्रदान करना है।

#### गुड टच–बैड टच को लेकर किया गया जागरूक

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से समझाया गया। डीएसपी ने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि यदि कोई स्पर्श असहज, डर पैदा करने वाला या संदेहास्पद लगे, तो तुरंत “ना” कहें, उस स्थान से दूर जाएं और माता-पिता, शिक्षक या पुलिस को इसकी जानकारी दें।

#### बालिकाओं को आत्मरक्षा और ‘नो–गो–टेल’ की समझ

बालिकाओं को “नो, गो और टेल” की अवधारणा समझाई गई। साथ ही आत्मरक्षा के उपाय, महिलाओं व बालिकाओं पर हो रहे अपराधों, लैंगिक शोषण से बचाव तथा मोबाइल व इंटरनेट से जुड़े अपराधों और उनकी रोकथाम की जानकारी दी गई। डीएसपी ने छात्राओं को भरोसा दिलाया कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में पुलिस उनके साथ खड़ी है।

कार्यक्रम में साइबर अपराधों को लेकर भी बच्चों को जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने फर्जी लिंक, अज्ञात कॉल, ओटीपी फ्रॉड, गलत मैसेज, सोशल मीडिया पर फोटो दुरुपयोग एवं साइबर बुलिंग जैसी गतिविधियों से बचने के उपाय बताए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की सलाह दी।

#### नशा मुक्ति का दिया संदेश

डीएसपी ने बच्चों को नशे एवं अत्यधिक मोबाइल उपयोग जैसी बुरी आदतों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि नशा शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्तर पर गंभीर नुकसान पहुंचाता है। बच्चों को नशा नहीं करने का संकल्प दिलाते हुए उसके दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया।

#### शिक्षक व पुलिसकर्मी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल जिया के प्राचार्य बी.आर. देशलहरे, व्याख्याता राजकुमार टंडन, रेवेश्वर चंद्राकर, संजू शर्मा, ननकी पात्रे, महिला आरक्षक अमरिका पटेल सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पं. युवराज पांडे से जनसेवक शिवम ने की सौजन्य मुलाकात



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित युवराज पांडे महाराज से बेमेतरा के जनसेवक भाजपा कार्यकर्त्ता शिवम तिवारी आशीर्वाद प्राप्त किये एवं माता भद्रकाली का तैल्यचित्र भेट कर बेमेतरा आगमन का न्योता दिया पूज्य महाराज द्वारा निमंत्रण सहर्ष स्वीकार किया।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से बेटियों को मिला सम्मान और सहारा: विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

मंगलवार के शुभ मुहूर्त पर पूर्व निर्धारित तिथि 10 फरवरी को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामाजिक रीति-रिवाजों और अभुतपूर्व उत्साह के साथ कबीरधाम जिले के 272 जोड़े एक साथ सात फेरे लेकर अटूट बंधन में बंध गए। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया।

सरदार पटेल मैदान में आयोजित इस समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने परिणय सूत्र में बंधकर नए जीवन की शुरुआत करने वाले सभी नवदंपतियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पंडित द्वारा वर-वधुओं को सात वचनों का संकल्प दिलाया गया, जिसके साथ ही विवाह की रस्में संपन्न हुईं। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मंच पर पहुंचकर सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया और शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को 35-35 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक और सामग्री भेंट किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से अनेक जोड़े एक साथ विवाह के पवित्र बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की परेशानियों को समझते हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की शुरुआत की थी।

# विकास, विश्वास और भविष्य की नींव है केंद्रीय बजट: नीलू शर्मा

### केंद्रीय बजट 2026 को लेकर भाजपा ने ली प्रेसवार्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

केन्द्रीय बजट को लेकर मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता रखी गई थी। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए नीलू शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पर्यटन निगम ने बजट को देश के समग्र विकास की दिशा में मजबूत और दूरदर्शी कदम बताया।

उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि भारत को आर्थिक रूप से सशक्त, सामाजिक रूप से संतुलित और भविष्य के लिए तैयार करने का स्पष्ट रोडमैप है। श्री शर्मा ने कहा कि बजट में अधोसंरचना विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देना सरकार की दीर्घकालीन सोच को दर्शाता है। सड़क, रेल, लॉजिस्टिक्स, डिजिटल नेटवर्क और शहरी-ग्रामीण कनेक्टिविटी में निवेश से आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के लिए यह अवसर रोजगार सृजन और व्यापार विस्तार का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कृषि क्षेत्र को लेकर बजट में किए गए प्रावधानों की सराहना करते हुए कहा कि सिंचाई, कृषि नवाचार, भंडारण और वैल्यू एडिशन पर जोर देने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का प्रयास उनकी आय को स्थिर और सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

युवाओं के संदर्भ में नीलू शर्मा ने कहा कि कौशल विकास, स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने की नीतियां आने वाले समय में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएंगी। यह बजट युवाओं को केवल रोजगार खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाने की सोच को आगे बढ़ाता है। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में निरंतर निवेश को सामाजिक सरोकारों से जुड़ा हुआ बताया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल लर्निंग, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार और पोषण संबंधी योजनाएं समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक होंगी। महिला सशक्तिकरण से जुड़ी पहलों को उन्होंने सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का आधार बताया। मध्यम वर्ग को लेकर श्री शर्मा ने कहा कि कर व्यवस्था में सरलता और पारदर्शिता से आम नागरिकों को राहत मिलेगी।

डिजिटल भुगतान, ई-गवर्नेंस और तकनीक आधारित सेवाओं से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि व्यवस्था में भरोसा भी मजबूत होगा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा पर दिए गए जोर को भविष्य की पीढ़ियों के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि स्वच्छ ऊर्जा, जल संरक्षण और सतत विकास से जुड़ी योजनाएं भारत को जिम्मेदार वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाएंगी। प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व विधायक व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, उपाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी, परेटन वर्मा, महामंत्री, दुर्गेश ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, मिडिया प्रभारी मोहन कश्यप सहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एक साल से मानदेय नहीं, स्वच्छता दीदियों ने बंद किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

ग्राम पंचायत मानिकपुर में स्वच्छता अभियान के तहत कार्यरत स्वच्छता दीदियों को 4 सितंबर 2024 से लगातार कार्य करने के बावजूद एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मानदेय नहीं दिया गया है।

भुगतान न मिलने से नाराज महिलाओं ने अब स्वच्छता कार्य बंद कर दिया है, जिससे गांव की साफ-सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। स्वच्छता दीदियों का आरोप है कि मानदेय की राशि को लेकर पंचायत सचिव द्वारा लगातार टालमटोल किया जा रहा है। बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगवाए जा रहे हैं, जिससे राशि गबन होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। महिलाओं का कहना है कि उन्हें जानबूझकर दर-दर भटकाया जा रहा है।

इस समस्या को लेकर सभी स्वच्छता दीदियों ने जांच और कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बोड़ला को लिखित आवेदन सौंपा है। इसके बावजूद अब तक न तो मानदेय का भुगतान हुआ है और न ही किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई की गई है, जिससे महिलाओं में भारी आक्रोश है।

स्वच्छता दीदियों ने बताया कि लंबे समय से भुगतान न मिलने के कारण स्वच्छता दीदियों ने मजबूर होकर काम बंद कर दिया है। उनका कहना है कि बिना मेहनताना काम करना संभव नहीं है और परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।

#### अब कलेक्टर कार्यालय जाने की मजबूरी?

महिलाओं के सामने अब सवाल खड़ा हो गया है कि क्या उन्हें उनका मानदेय मिल पाएगा? क्या जिम्मेदार पंचायत सचिव पर कार्रवाई होगी? या फिर न्याय के लिए उन्हें कलेक्टर कार्यालय तक गुहार लगानी पड़ेगी? इस पूरे मामले में जनता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि स्वच्छता दीदियों को दर-दर भटकने के लिए पंचायत सचिव जिम्मेदार है। उन्होंने मांग की कि संबंधित पंचायत की जांच कराई जाए और स्वच्छता अभियान में लगी सभी दीदियों को तत्काल मानदेय का भुगतान किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भुगतान नहीं किया गया तो महिलाओं के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

# अवैध शराब बिक्री करते दो आरोपी गिरफ्तार, 31 पौवा देशी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा




कुण्डा पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से कुल 31 पौवा देशी प्लेन शराब जप्त की है। साथ ही अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल भी जप्त की गई है। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्यवाही की गई है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार कुण्डा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मोटर सायकल में अधिक मात्रा में अवैध शराब रखकर विक्रय के लिए कुण्डा की ओर आ रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिस देकर आरोपी राकेश चंद्राकर पिता फूलचंद, उम्र 38 वर्ष, निवासी शिकारी पारा, थाना कुण्डा तथा जितेन्द्र पिता सुखीराम पारधी, उम्र 28 वर्ष, निवासी शिकारी पारा, थाना कुण्डा को दबोच लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से एक पीले रंग की प्लास्टिक बोरी में 31 पौवा देशी प्लेन शराब की शीशियां, प्रत्येक 180 एमएल, कुल 5.580 बल्क लीटर, कीमत लगभग 2480 रुपए तथा एक पुरानी इस्तेमाली प्लेटीना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जे क्यू 7963, कीमत लगभग 40000 रुपए कुल जुमला कीमत 42480 रुपए को जप्त किया गया।

# गांजा तस्कर को 15 साल के कठोर कारवास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीसी एक्ट कवर्धा ने गांजा तस्करी के एक मामले में अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी को 15 साल के कठोर कारावास और 15 लाख के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

इस संबंध प्राप्त जानकारी के अनुसार चिल्फीघाटी पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोपियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए गत 19 फरवरी 2024 को आरोपी मोहम्मद शमीम पिता दशाक अहमद आयु 44 वर्ष निवासी एटा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 334.640 किलो ग्राम गांजा जप्त किया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा तस्करी में प्रयुक्त एक बारह चक्का टाटा ट्रक क्रमांक यूपी 82 टी 1127 को भी जप्त किया था और आरोपी के खिलाफ धारा 20 (बी)(।।)(सी) एनडीपीसी दर्ज प्रकार न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीसी एक्ट कवर्धा के समक्ष पेश किया था।

जिस पर न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीसी एक्ट कवर्धा ने सुनवाई करते हुए गत दिनो आरोपी को 15 साल के कठोर कारावास और 15 लाख के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीसी एक्ट कवर्धा का यह फैसला सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन इसे अपनी बड़ी कामयाबी मान रहा है और उम्मीद की जा रही है इस फैसले के बाद गांजा तस्करों को बड़ा सबक मिलेगा। मामले में विशेष लोक अभियोजक संदीप केशरी ने पैरवी की है।

### जिले में गन्ना की खेती की तकनीक बदल उत्पादन बढ़ाने पर दिया जा रहा है जोर

# निजी गुड़ फैक्ट्रियों के प्राइस वार से निपटने किए जा रहे हैं प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

जिले में गन्ने की खेती इन दिनों संक्रमण काल से गुजर रही है। एक ओर जहां देश में सबसे अधिक कीमत करीब 540 रुपए प्रति क्विंटल की दर से कवर्धा जिले के किसानों को गन्ना मिल रहा है, वहीं निजी गुड़ फैक्ट्री संचालकों के बीच चल रही प्राइस वार का सीधा असर जिले के दोनों सहकारी शक्कर कारखानों पर पड़ता दिखाई दे रहा है।

स्थिति यह है कि सहकारी शक्कर उत्पादक कारखानों द्वारा पछले आठ वर्षों से चले आ रहे पुराने दामों पर किसान गन्ना देने को तैयार नहीं हैं। अधिकांश किसानों ने केवल कारखाने के शेयरधारक बने रहने या शेयरधारिता की मजबूरी के चलते ही सीमित मात्रा में गन्ना आपूर्ति की है। वहीं, विपरीत मौसम परिस्थितियों के कारण इस वर्ष गन्ने का उत्पादन भी अपेक्षाकृत कम रहा है, जिससे पेराई सत्र के समय से पहले समाप्त होने की आशंका जताई जा रही है।

#### गन्ना संकट से निपटने के प्रयास

इस चुनौतीपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए जिले के दोनों शक्कर कारखानों द्वारा किसानों को आधुनिक गन्ना खेती की तकनीक समझाने और प्रशिक्षण देने की दिशा में पहल की गई। किसानों के समूह को महाराष्ट्र भेजकर आधुनिक खेती पद्धतियों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। इसके साथ ही पहली बार अधिक उपज और अधिक रिकवरी वाली उच्च गुणवत्ता की गन्ना किस्मों के सैकड़ों टन बीज 10 वीएसआई जैसी प्रामाणिक संस्था से मंगाकर जिले के किसानों को वितरित किए गए। विभिन्न सेमिनार और गोष्ठियों के माध्यम से किसानों को सही बीज के चयन और आधुनिक खेती के महत्व की जानकारी दी गई।

#### चार फीट दूरी में बोनी की शुरुआत

इन प्रयासों का असर अब किसानों के बीच दिखाई देने लगा है। वर्तमान बोनी सत्र में किसानों ने चार फीट या उससे अधिक दूरी पर गन्ना लगाना शुरू कर दिया है। शक्कर कारखानों ने जिले के करीब 10 प्रतिशत रकबे को चार फीट श्रेणी में लाने की योजना बनाई है। योजना के तहत अगले वर्ष कारखाने द्वारा किसानों का गन्ना गन्ना हार्वेस्टर से लगभग आधी लागत पर कटवाया जाएगा। इससे किसानों को मजदूरी की समस्या से राहत मिलेगी, लागत घटेगी और समय पर कटाई संभव हो सकेगी। साथ ही कारखानों को भी गन्ने की आपूर्ति बढ़ने की उम्मीद है।

### विद्युत कंपनी ने आमजनों को स्मार्ट मीटर से होने वाले अनेक सुविधाओं की दी जानकारी

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा शहर में आमजनों को स्मार्ट मीटर की विविध सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए कवर्धा जोन में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के अंतर्गत एक प्रभावी उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को आधुनिक बिजली सेवाओं के लिए प्रेरित करते हुए स्मार्ट मीटर के माध्यम से पारदर्शिता और दक्षता को प्रोत्साहित कर उन्हें अपने मोबाइल के माध्यम से स्मार्ट मीटर में दर्ज खपत को देखने और उनके अनुसार ऊर्जा की बचत करने के तरीके की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, सटीक बिलिंग, रियल-टाइम खपत निगरानी एवं ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

